








Health Uttarakhand

# बड़ी उपलब्धि: एम्स गोरखपुर से रेफर मरीज की ऋषिकेश एम्स में सफल सर्जरी

September 25, 2021 ideaadmin 0 Comment

बड़ी उपलब्धि: एम्स गोरखपुर से रेफर मरीज की ऋषिकेश एम्स में सफल सर्जरी.






बड़ी उपलब्धि: एम्स गोरखपुर से रेफर मरीज की ऋषिकेश एम्स में सफल सर्जरी एम्स के ओबीजी डिपार्टमेंट की रिकंस्ट्रक्टिव एवं कॉस्मेटिक गाइनेकॉलोजी डिवीजन में हुआ महिला का सफल ऑपरेशन
देश के बड़े व नामी मेडिकल संस्थानों से भी उपचार के लिए एम्स ऋषिकेश भेजे जा रहे मरीज
एम्स ऋषिकेश में 2019 में स्थापित स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की रिकंस्ट्रक्टिव एंड कॉस्मेटिक गाइलेकोलॉजी डिवीजन में नर्व स्पेयरिंग रिडक्शन क्लिटोरोप्लास्टीस नामक दुर्लभ एवं अति जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक हुई है, रिकंस्ट्रक्टिव एंड कॉस्मेटिक गाइनेकोलॉजी विंग ने पूर्व में भी कुछ नर्व स्पेयरिंग रिडक्शन क्लिटोरोप्लास्टीस एवं कई तरह की और भी दुर्लभ एवं जटिल शल्य चिकित्सा की हैं। गोरखपुर एम्स से रेफर होकर आई एक 20 साल की अविवाहित युवती को शनिवार को ऑपरेशन थियेटर में नया जीवनदान मिला। सर्जरी को रिकंस्ट्रक्टिव एंड कॉस्मेटिक गाइनेकोलॉजी डिवीजन के डॉक्टर नवनीत मागों और उनकी टीम ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। एम्स का स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग का यह डिवीजन दुनिया के मेडिकल संस्थानों में अपनी तरह का पहला डिवीजन है। गत वर्ष एक ऐसे ही मरीज की सर्जरी करके एम्स ऋषिकेश के रिकंस्ट्रक्टिव एवं कॉस्मेटिक गाइनेकोलॉजी डिवीजन ने देश के मेडिकल साइंस एवं शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल की थी।
डा. नवनीत के अनुसार इस युवती का जन्म से ही कंजेनिटल एड्रिनल हाइपरप्लेशिया और क्लिटोरिस का आकार बढ़ा हुआ था। बेटी के दांपत्य जीवन को लेकर चिंतित पिता ने देश के विभिन्न मेडिकल संस्थानों में उसका परीक्षण कराया, लेकिन कहीं भी इसका समुचित उपचार नहीं मिल पाया, एम्स गोरखपुर से मरीज को उपचार के लिए ऋषिकेश एम्स रेफर कर दिया गया। जहां डा. नवनीत मग्गों ने युवती का स्वास्थ्य परीक्षण कराया, जिसके बाद उसकी क्लिटोरोमेगली अर्थात क्लिटोरल हाइपरट्राफी का पता चल सका। चिकित्सक ने बताया कि यह एक दुर्लभ किस्म का मामला था, क्योंकि महिला का क्लोटोरिस पुरुष के लिंग की तरह बड़ा था एवं बाकी का जननांग विकृत था। संस्थान के स्त्री रोग विभाग की पुनर्निर्माण और कॉस्मेटिक स्त्री रोग इकाई के डॉ. नवनीत मग्गों और उनकी टीम ने नर्व स्पेयरिंग रिडक्शन क्लिटोरोप्लासटी तकनीक के माध्यम से इसका सफल उपचार किया एवं साथ में ही इस महिला के लेबिया माइनोरा (लघु भगोष्ठ) का भी पुनर्निर्माण किया। लगभग दो घंटे चली इस सर्जरी में चिकित्सकीय दल उसे एक सामान्य स्त्री रूप और अंजाम देने में सफल रही। उन्होंने बताया कि संस्थान में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की पुनर्निर्माण और कॉस्मेटिक स्त्री रोग डिवीजन की स्थापना के बाद से इस डिवीजन में पूरे देश से लगातार कई अन्य तरह के मामले पूर्व में भी रेफर होकर आ चुके हैं। उन्होंने बताया कि इसकी वजह यह है कि स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की इस इकाई की स्थापना देश ही नहीं, विश्व के किसी भी मेडिकल संस्थान में नहीं है, एम्स ऋषिकेश में यह अपनी तरह की पहली डिवीजन खुली है। उन्होंने बताया कि इस सर्जरी युवती को एक नया जीवन मिला है, लिहाजा अब वह एक सामान्य यौन जीवन जी सकती हैं और वैवाहिक जीवन के लिए पूरी तरह फिट है। इंसेट रिकंस्ट्रक्टिव एंड कॉस्मेटिक गाइनेकोलॉजी डिवीजन ने विश्व में पहली बार एम. सी. एच.कॉस्मेटिक गाइनेकोलॉजी शुरू की है। एम्स ऋषिकेश में स्थापित स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की इस डिवीजन की प्रशंसा भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी की है। जल्द ही एम्स की इस इकाई की ओर से पूरे विश्व से मेडिकल टूरिज्म के माध्यम से







समाज सेवी गोपाल चौहान वा छेत्र पंचायत सदस्य श्री मति अर्चना चौहान द्वारा ऋषिकेश की जनता को स्वतंत्रता दिवस वा रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

Search



Recent Posts

राज्य में पर्यटन सुविधा एवं निवेश प्रकोष्ठ का निर्माण किया जायेगा- मुख्यमंत्री

बीएसएच होम अप्लायंसेस द्वारा हल्द्वानी में निशुल्क सर्विस कैंप का आयोजन

कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात

विदेशी मरीजों का भी इलाज शुरू किया जाएगा। जिससे एम्स ऋषिकेश उत्तराखंड और पूरे देश का नाम विश्व में रोशन करेगा। इससे उत्तराखंड के नागरिकों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे प्रदेश को आर्थिक लाभ होगा और देश को विदेशी मुद्रा में आय मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि यही हमारे प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी का भी स्वप्न है कि हमारे देश का नाम पूरे विश्व में हो।

Idea for  news. Ke liye rishikesh se amit singh negi ki report.

**Related**

ब्लैक फंगस) से ग्रसित कुल 30 मरीज भर्ती-एम्स ऋषिकेश।
May 18, 2021
In "Health"

उत्तराखंड में पहली जटिल सर्जरी एम्स ऋषिकेश ने दिया जीवनदान !
August 13, 2021
In "Health"

उत्तराखंड में कोरोना पॉजिटिव महिला की मौत दो दिन पहले हुई थी पुस्टि।
May 1, 2020
In "Health"

← दूसरे नंबर पर खिसकी दिल्ली, चेन्नई सुपर किंग्स पहुंची टाप पर

सोनू सूद ने कहा- 17 करोड़ रुपए का उपयोग वह इस तरह करेंगे खर्च →

## Leave a Reply

Your email address will not be published. Required fields are marked *

Comment

Name *

में उन्होंने कैबिनेट मंत्री आर्य के मसले पर की बात

सीएम धामी ने कहा भाजपा सरकार उत्तराखंड को टूरिज्म के क्षेत्र में देश का नंबर-वन राज्य बनाएगी

टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेंगे इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोइन अली, अब नहीं खेलेंगे टेस्ट क्रिकेट

Recent Comments

A WordPress Commenter on Hello world!

Categories

Ajab-Gajab
Business
Delhi
Entertainment
Haryana
Health
Himachal Pradesh
National
Punjab
Sports
Uncategorized
uttar pradesh
Uttarakhand
West Bengal
world

Meta

Log in
Entries feed

Comments feed

WordPress.org

Email *

Website

Save my name, email, and website in this browser for the next time I comment.

Notify me of follow-up comments by email.

Notify me of new posts by email.

Post Comment